695/15

प्रेषक,

आयुक्त,
मुरादाबाद मण्डल,
मुरादाबाद।

सेवा में,

प्रबन्धक,
पुलिस मॉडर्न स्कूल,
9वी वाहिनी पी0ए0सी0,
मुरादाबाद।

संख्या 429 /27– 40 (2012–13) जे0ए0 दिनॉक : 08 जनवरी, 2015

विषय :– पुलिस मॉडर्न स्कूल, 9वी वाहिनी पी0ए0सी0 मुरादाबाद को सी0बी0एस0ई0 नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत करने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक पुलिस मॉडर्न स्कूल, 9वी वाहिनी पी0ए0सी0 मुरादाबाद को सी0बी0एस0ई0 नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने के संबंध में प्रश्नगत प्रकरण समिति की बैठक दिनांक 07–01–2015 में प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा प्रकरण का सम्यक परीक्षणोपरान्त पाया गया कि :–

(1) अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मुरादाबाद के पत्र संख्या 327/जि0भू0व्य0 सहा0/2014 दिनॉक 25–06–2014 के द्वारा जॉचोपरान्त अपनी आख्या में उल्लेख किया है कि विद्यालय के प्रधान लिपिक श्री विपिन कुमार सिसौदिया से अभिलेख मॉगे जाने पर उनके द्वारा तहसीलदार मुरादाबाद को लिखित रूप में अवगत कराया है कि उन्हें अनापत्ति प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है। प्रधान लिपिक के कथन की पुष्टि हेतु पत्र दिनॉक 15–02–2014 प्रबन्धक, पुलिस मॉडर्न स्कूल, नवीं वाहनी, पी0ए0सी0 मुरादाबाद को प्रेषित किया गया,किन्तु पत्र का कोई उत्तर पर्याप्त समयावधि व्यतीत हो जाने के उपरान्त भी अप्राप्त है।

(2) संयुक्त शिक्षा निदेशक मुरादाबाद एवं अपर जिलाधिकारी (प्र0) मुरादाबाद की आख्या के अनुसार भूमि विद्यालय अथवा विद्यालय को संचालित करने वाली सोसायटी के नाम नहीं है।

अतः विद्यालय को अनापत्ति प्रमाण पत्र की आवश्यकता न होने के कारण प्रकरण प्रत्यावर्तित करने का निर्णय लिया गया है।

भवदीय,

(सुधीर गर्ग)
आयुक्त।

संख्या एवं दिनांक : उक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– जिलाधिकारी मुरादाबाद।
2– संयुक्त शिक्षा निदेशक, द्वादश मण्डल, मुरादाबाद।
3– जिला विद्यालय निरीक्षक,मुरादाबाद।

(सुधीर गर्ग)
आयुक्त।

Received 16-1-15

19/1/15

राजपूत/जे0ए0/सीबीएसई–लेटर/शीट–32